मुरादाबाद: नकली सीमेंट पर पुलिस ने मारा छापा

यूपी की मुरादाबाद (Muradabad) पुलिस ने नकली सीमेंट के खिलाफ एक गोदाम में छापा मारा जहां से भारी मात्रा में सीमेंट की बोरियां बरामद करने का काम किया गया। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

मुरादाबाद (Muradabad) में पुलिस ने सूचना मिलने पर नकली सीमेंट बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने का काम किया है। जिसके बाद से भारी मात्रा में नकली सीमेंट बरामद किया गया। इस मामले में बताया गया कि कंपनी के लोगों को जानकारी मिली थी कि कुछ लोग नकली सीमेंट बनाकर असली दाम में बेंचने का काम कर रहे हैं। जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची जहां पर टीम ने पुलिस की मदद से नकली सीमेंट बनाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया जिसके पास से भारी मात्रा में सीमेंट की बोरियां बरामद की गई।

पुलिस ने 124 नकली सीमेंट की बोरियों की बरामद

मझोला की पुलिस ने 124 सीमेंट के कट्टो में से टीम ने 3 कट्टो में यह नकली सीमेंट के सैंपल भरते हुए आरोपी के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट के साथ धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी अय्यूब को गिरफ्तार कर लिया है। अय्यूब के स्टोर के गोदाम में और भी कई नामी कम्पनियों के सीमेंट के कट्टे भरे हुए थे। जिनके नकली होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

पूछताछ करने पर पता चला आरोपी पिछले काफी लंबे समय से इस तरह बड़ी कंपनी के कट्टो में नकली और खराब सीमेंट भरकर बेच रहा था। और 30 से 40 रुपए कम के लालच में लोग धड़ल्ले से नकली सीमेंट अय्यूब के स्टोर से खरीद कर अपना आशियाना बना रहे थे। वहीं पुलिस ने पकड़े गए आरोपों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की।

Source: https://9newshindi.com/moradabad-police-raids-fake-cement/